ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 26-10-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-10-26 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-10-27	2021-10-28	2021-10-29	2021-10-30	2021-10-31
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	31.0	30.0	30.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	19.0	19.0	18.0	18.0	18.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	39	30	27	26	23
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	19	16	15	13	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	7.0	6.0	5.0	5.0
पवन दिशा (डिग्री)	108	144	167	176	207
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 30.0 से 32.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 18.0 से 19.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

खाली खेतों को तैयार करें और रबी मौसम की फसलों की समय पर बुवाई के लिए बीज और उर्वरक की व्यवस्था करें। फसल बुवाई से पूर्व खेत की मेड़ो व रास्तों से खरपतवारों को साफ करें।

लघु संदेश सलाहकार:

फसलों को उचित सुखाने के बाद थ्रेसिंग करें और सुरक्षित स्थान पर स्टोर करें ।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902, जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई के लिए 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन व 30 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें। मोयला की रोकथाम के लिए बीज को इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ.एस. @ 9 मिली. प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।
चना	चना की जल्द से जल्द बुवाई करें। सी-235, आर.एस.जी-44, आर.एस.जी-888, व जी.एन.जी-663 उन्नत किस्मों की बुवाई करें।
रेंड़ी	अरण्डी की फसल में सेमी लूपर कीट की रोकथाम के लिए क्यूनालफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल की बुवाई का समय अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर के पहले सप्ताह तक है। आर.एम.टी-1 व आर.एम.टी-305 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20-25 किलो बीज की प्रति हैक्टेयर के लिए आवश्यकता होती है। 40 किलो नत्रजन व 40 फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई से पूर्व खेत मे दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।